श्रीलंका को हराकर भारत अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में

12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से जीता भारत

139 रनों का लक्ष्य मिला था भारत को जीत के लिए

दुबई 19 दिसंबर. गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐरन जॉर्ज (नाबाद 58) और विहान मल्होत्रा (नाबाद 61) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान आयुष म्हात्र (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) के विकेट 25 के स्कोर पर गंवा दिये। ऐसे संकट के समय ऐरन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अविजित साझेदारी हुई। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। ऐरन जॉर्ज ने 49 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 58) रनों की पारी खेली। वहीं विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 61) रन बनाये। श्रीलंका के लिए रसित निमसारा ने दो विकेट लिये।

> इससे पहले आज यहां चमिका हीनातिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया था। मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दुलनिथ सिगेरा (एक), विरान चामुदिथा (19) और कविजा गमागे (दो) रन बनाकर आउट हुये।

दक्षिण अफ्रीका को 232 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद में खेले जा रहे पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत ने मजबूत बल्लेबाजी की

अहमदाबाद, 19 दिसंबर. नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन उनका यह दांव भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक खेल के सामने पूरी तरह नाकाम साबित हुआ। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 231 रन बनाए और मेहमान टीम के सामने 232 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या की अर्धशतकीय पारियों से टीम इंडिया ने बड़ा स्कोर खड़ा किया

भारतीय पारी की शुरुआत अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने की। दोनों ने बिना किसी दबाव के तेजी से रन जुटाए और पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। अभिषेक शर्मा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए शुरुआती ओवरों में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को निशाना बनाया। उन्होंने गेंदबाजों की लेंथ का फायदा उठाया और लगातार चौके लगाकर रन गति को तेज बनाए रखा। हालांकि, अभिषेक 34 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन तब तक भारत मजबूत स्थिति में पहुंच चुका था।

पहला विकेट गिरने के बाद तिलक वर्मा क्रीज पर आए और उन्होंने संजू सैमसन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। सैमसन ने भी खुलकर शॉट खेले और 37 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी निभाई, जिससे भारत का स्कोर लगातार बढ़ता गया। 10 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट पर 101 रन बना लिए थे और टीम पूरी तरह नियंत्रण में नजर आ रही थी।

हार्दिक ने 16 गेंदों पर बनाया अर्धशतक

हार्दिक पांड्या ने महज 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज की दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। उनकी यह पारी न सिर्फ तेज थी, बल्कि पूरी तरह मैच की जरूरत के मुताबिक भी थी। तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या के बीच हुई 80 रनों की साझेदारी ने भारत को बड़े स्कोर की ओर पहुंचा दिया। हार्दिक 63 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। अंतिम ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़ते हुए स्कोर को 231 तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेंदबाजों को खास सफलता नहीं मिली और वे भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे।

मध्यक्रम में कप्तान सूर्यकुमार यादव से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने से कुछ देर के लिए भारत की रन गति पर असर पड़ा, लेकिन तिलक वर्मा ने संयम बनाए रखा। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव नहीं बनने दिया और समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करते रहे। तिलक ने मौके मिलने पर बाउंड्री भी लगाईं और अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा अर्धशतक रहा।

इसके बाद हार्दिक पांड्या क्रीज पर उतरे और उन्होंने आते ही मैच का रुख बदल दिया। हार्दिक ने बिना समय गंवाए आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की। उन्होंने खासकर डेथ ओवर्स में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। 14वें ओवर में हार्दिक ने जॉर्ज लिंडे के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके लगाकर 27 रन बटोरे, जिससे स्टेडियम में मौजूद दर्शक झूम उठे।

भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 231 रन बनाए। इस तरह दक्षिण अफ्रीका को मैच जीतने के लिए 232 रनों का लक्ष्य मिला है। अहमदाबाद की पिच पर यह लक्ष्य आसान नहीं माना जा रहा। भारत फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है और इस मुकाबले को जीतकर 3-1 से सीरीज अपने नाम करना चाहेगा। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम के सामने अब यह चुनौती होगी कि वह इस बड़े लक्ष्य का पीछा कर मुकाबले में बने।

डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 : कोलकाता टेस्ट सीरीज के साथ शुरू

कोलकाता. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा समर्थित और डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) ने यहां डेफ के लिए टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण गुरुवार से शुरु हो गया है।

डॉ. साइरस पूनावाला ग्रुप के संरक्षण में आयोजित इस टेस्ट सीरीज में दो सेमीफाइनल क्रिकेट मैच 18 से 23 दिसंबर तक कोलकाता के मर्लिन राइज क्रिकेट ग्राउंड और राजस्थान क्लब ग्राउंड में एक साथ खेले जाएंगे।

ट्रैविस हेड के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में

एडिलेड, 19 दिसंबर। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। हेड ने नाबाद 145 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने नाबाद 52 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 286 रन पर समेटने के बाद शुक्रवार को तीसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 271 रन बना लिये हैं। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 356 रन की हो गई है और वह मैच में निर्णायक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। आज इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 213 रन से आगे शुरू की। सुबह के सत्र में इंग्लैंड की उम्मीदें उस समय कमजोर पड़ गईं, जब कप्तान बेन स्टोक्स आउट हो गए। 85वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने स्टोक्स को बोल्ड कर दिया।

न्यूजीलैंड ने 575/8 पर की पारी घोषित

माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड) 19 दिसंबर. डेवन कॉन्वे (227) और रचिन रविंद्र (नाबाद 72) की शानदार पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ विकेट पर 575 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट गंवाये 110 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां न्यूजीलैंड ने कल के एक विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट जेकब डफी (17) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (31) रन बनाकर आउट हुये। इसी दौरान डेवन कॉन्वे ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। यह उनके करियर का छठा शतक है। उनके करियर का यह दूसरा दोहरेशतक है।

वेस्टइंडीज की ठोस शुरूआत

इससे पहले उन्होंने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 200 रनों की पारी खेली थी। 121वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने उन्हें पगबाधा आउटकर पवेलियन भेजा। डेवन कॉन्वे ने 367 गेंदों में 31 चौके लगाते हुए 227 रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल (11), टॉम ब्लंडल (चार), ग्लेन फिलिप्स (29) और जैकरी फॉक्स (एक) रन बनाकर आउट हुये।

न्यूजीलैंड ने 155 ओवर होने के बाद आठ विकेट पर 575 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। उस समय रचिन रविंद्र 106 गेंदों में (नाबाद 72) और एजाज पटेल (नाबाद 30) रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, एंडरसन फिलीप और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक विकेट लिया। केमार रोच और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 110 रन बना लिये है। जॉन कैंपबेल (नाबाद 45) और ब्रैंडन किंग (नाबाद 55) क्रीज पर मौजूद थे।

एक नजर में

गौतम गंभीर को टीम के कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए : कपिल देव

कोलकाता, 19 दिसंबर . भारत के पहले विश्व कप जीतने वाले कप्तान कपिल देव ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लेकर कहा कि आज के क्रिकेट सेटअप में गंभीर को कोच के बजाय टीम प्रबंधक के तौर पर देखा जाना चाहिए। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के आईसीसी शताब्दी सत्र में कपिल ने कहा कि समकालीन क्रिकेट में 'कोच' शब्द को अक्सर गलत समझा जाता है और उन्होंने उच्चतम स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। कपिल की यह टिप्पणी भारत के हाल ही में घर पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार के बाद गंभीर की बढ़ती आलोचना के बीच आई है,

जिसमें खिलाड़ियों के बार-बार रोटेशन और ऑलराउंडरों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर गंभीर की आलोचना की गई है। कपिल ने कहा, 'आज, कोच नाम का यह शब्द, कोच एक बहुत ही आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते। वह टीम के मैनेजर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कोच कहते हैं, तो कोच वह होता है जिनसे मैं स्कूल और कॉलेज में सीखता हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि गौतम गंभीर किसी लेग-स्पिनर या विकेटकीपर को क्रिकेट की बारीकियां कैसे सिखा सकते हैं। उनके अनुसार, यह काम स्कूल या कॉलेज स्तर के कोचों का होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना, उनका मनोबल बढ़ाना और टीम के लिए एक सही माहौल तैयार करना है।' पूर्व ऑलराउंडर ने इस बात पर बल दिया कि कोच का काम तकनीकी सिखाने से ज्यादा खिलाड़ियों का सही तरीके से प्रबंधन करना होता है।

सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में की दूसरी जीत दर्ज

हांगझोऊ (चीन) 19 दिसंबर . भारत की टॉप पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 ग्रुप बी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे नंबर पर मौजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दुनिया की नंबर 8 इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान-मुहम्मद शोहिबुल फिक्री को 60 मिनट में 21-11, 16-21, 21-11 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की। लगातार दो जीत के बावजूद, सात्विक और चिराग अभी तक नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं, क्योंकि ग्रुप बी की चार में से तीन जोड़ियां अभी भी दौड़ में हैं। हालांकि, इंडोनेशियाई जोड़ी दो हार के बाद बाहर हो गई है। हर ग्रुप (ए-बी) की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

इंडियन विमेंस लीग आज से शुरू

ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी

नयी दिल्ली 19 दिसंबर देश के आठ शीर्ष महिला फुटबॉल क्लब के बीच शनिवार से शुरु होने वाली इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 में पूर्व चैंपियन ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी।

भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार, दो चरणों में खेली जाएगी। पहला चरण 20 दिसंबर 2025 से नौ जनवरी, 2026 तक चलेगा। जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई, 2026 तक खेला जायेगा। यह स्प्लिट कैलेंडर खिलाड़ियों की उपलब्धता और भारतीय महिला फुटबॉल के लिए एक अभूतपूर्व साल से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए शुरू किया गया है। सभी मैच पश्चिम बंगाल में सेंट्रलाइज्ड जगहों पर होंगे। कोलकाता के सॉल्ट लेक में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीई) और कल्याणी में कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम। हर टीम दूसरी टीम के साथ दो बार मैच खेलेंगी।

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं . लिमिटेड
कॉर्पोरेट ऑफ : 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिग्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
रजि . ऑफिस : कॉमरजोन आईटी पार्क, टॉवर बी, प्रथम तल नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई-600116, टीएन

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री की 15 दिन की पूर्व सूचना . प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाए .

एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध अचल संपत्तियाँ ('सुरक्षित संपत्तियाँ'), जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा SMFG इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे आगे SMHFC कहा जाएगा) ('सुरक्षित ऋणदाता') के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित तिथि और समय पर 'जहाँ है जैसी है', 'जो है जैसी है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएंगी, ताकि नीचे उल्लिखित बकाया राशि और वसूली की तिथि तक उस पर ब्याज और अन्य व्यय वसूल किए जा सकें, जो SMHFC सुरक्षित ऋणदाता को नीचे उल्लिखित ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) से देय हैं .

क्र.	उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम लैन	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण	रिजर्व मूल्य (रु.) / अर्नेस्ट मनी जमा (रु.)	ई नीलामी तिथि की तिथि	ईएमडी जमा तिथि
01	लैन नं.- 619639211671579 1.पुष्पेन्द्र कुमार तिवारी 2.लवली तिवारी	प्लॉट नंबर 30, लैंड सर्वे नंबर 82/2/2, पाकी, वार्ड नंबर 29 में स्थित, गांव मंडलावाड़ा रोड से अंदर, पी.एच. नंबर 117, तहसील पीथमपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश. क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट यानी 55.742 वर्ग मीटर. सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- सड़क, पश्चिम- प्लॉट नंबर 24, उत्तर- प्लॉट नंबर 31, दक्षिण- प्लॉट नंबर 29.	रुपये 4,20,000/- / रुपये 42,000/-	06.01.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे	05.01.2026

बिक्री के नियम और शर्तें नीचे दी गई हैं और विवरण हमारी/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक वेबसाइट पते (https://BidDeal.in और https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf) पर भी दिए गए हैं. इच्छुक बोलीदाता विनय राठौर से उनके मोबाइल पर भी संपर्क कर सकते हैं- नंबर 9827121084, ई-मेल: vinay.rathour@grihashakti.com और श्री निलॉय डे मोबाइल नं . 9920697801 ई मेल- Niloy.Dey@grihashakti.com.

स्थान : धार, मध्यप्रदेश
दिनांक : 18.12.2025

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं . लिमिटेड

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं . लिमिटेड
कॉर्पोरेट ऑफ : 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिग्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
रजि . ऑफिस : कॉमरजोन आईटी पार्क, टॉवर बी, प्रथम तल नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई-600116, टीएन

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की 30 दिन की सूचना . प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाए

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध अचल संपत्तियां (सुरक्षित परिसंपत्तियां) जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका कब्जा एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद एसएमएचएफसी कहा जाएगा) (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित तिथि और समय पर 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर वेची जाएंगी, नीचे उल्लिखित बकाया राशि और उस पर वसूली की तिथि तक के ब्याज और अन्य खर्चों की वसूली के लिए, जो नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से एसएमएचएफसी सुरक्षित लेनदार को देय हैं .

क्र.	उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम, लैन	संपत्तियों का विवरण	रिजर्व मूल्य (रु.) / अर्नेस्ट मनी जमा (रु.)	ई नीलामी तिथि की तिथि	ईएमडी जमा तिथि
01	लैन नं.- 601739211666987 एवं 601739511710044 1.जितेंद्र सिंह पंवार 2. हीना कुंवर	मकान संख्या 37/1 का वह भाग, जो वार्ड संख्या 06, मोहन नगर (ए), आगर रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश 456550 में स्थित है, क्षेत्रफल 115.51 वर्ग मीटर है. इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की खुली भूमि, उत्तर- गुप्ता जी की खुली भूमि, दक्षिण- श्रीमती रेणुका उपाध्याय की खुली भूमि.	रु. 75,60,000/- / रु. 7,56,000/-	23.01.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे	22.01.2026

बिक्री के नियम और शर्तें नीचे दी गई हैं और विवरण हमारी/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक वेबसाइट पते (https://BidDeal.in और https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf) पर भी दिए गए हैं. इच्छुक बोलीदाता विनय राठौर से उनके मोबाइल पर भी संपर्क कर सकते हैं- नंबर 9827121084, ई-मेल: vinay.rathour@grihashakti.com और श्री निलॉय डे मोबाइल नं . 9920697801 ई मेल- Niloy.Dey@grihashakti.com.

स्थान : उज्जैन, मध्यप्रदेश
दिनांक : 18.12.2025

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

शुभम्

शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेस -IV, गुरुग्राम -122015 (हरियाणा)
फोन: 0124-4212530/31/32, ईमेल : customercare@shubham.co, वेबसाईट - www.shubham.co

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)

जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।

ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ताओं को विषेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्षाई राषि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. स.	ऋण खाता क्रं. ऋणकर्ता (ओं) का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं मांग राशि	सुरक्षित संपत्ति	चस्पा की दिनांक
1	लोन नं. **OIDR2309000005068958,** विपिन सोनी, कमलाबाई	13-09-2025 एवं ₹ 6,91,147/-	सर्वे नं 482 में स्थित मकान, पैकी रजिस्टर नामांकन नं 09, प.ह.नं. 52, बिजासन टेकरी, ग्राम बदियाकीमा, तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश – 452016, **क्षेत्रफल** 1852.5 वर्ग फुट, **चतुरसीमा** : पूर्व में विष्णु प्रजापत का मकान, पश्चिम में अन्य मकान, उत्तर में सड़क, दक्षिण में अन्य मकान	16-12-2025
2	लोन नं. **OIDR2401000005076385,** मोहम्मद शफीक, मोहम्मद रफीक	20-09-2025 एवं ₹ 6,35,552/-	प्लॉट नं 121, न्यू लक्ष्मी नगर खंड–ब, ग्राम सिरपुर, तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001, **क्षेत्रफल**– 600 वर्ग फुट, **चतुरसीमा** : पूर्व – प्लॉट नं 120, पश्चिम – प्लॉट नं 122, उत्तर – कॉलोनी रोड, दक्षिण – अन्य भूमि	16-12-2025

स्थान : गुडगाँव
दिनांक: 19-12-2025

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड